संक्षिप्त

ऑनलाइन ठगी करने के दो आरोपी पकड़े

बौंली-बामनवास । सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन व एंटीवायरस साइबर शील्ड ऑपरेशन अभियान के तहत बौंली थाना पुलिस ने दो आरोपियों को ऑनलाइन ठगी के मामले में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार एंड्राइड मोबाइल जब्त कर अब तक करीब 16 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने का खुलासा किया है। बौंली थाना प्रभारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत दोराने गस्त सहायक उप निरीक्षक रूप सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी व कांस्टेबल मुकेश कुमार व शीशराम की टीम को लाखनपुर घाटी के नीचे स्कूल के पास दो लड़के अपने मोबाइल से लोगों को मैसेज भेज कर वह कॉल करके ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी सचिन गुर्जर उम्र 21 वर्ष निवासी गोल थाना मित्रपुरा व नमो नारायण मीणा उम्र 19 वर्ष निवासी रतनपुरा थाना मित्रपुरा को डिनेट कर उनके कब्जे से चार एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं। दौराने अनुसंधान सामने आया कि दोनों आरोपी अपने मोबाइल से कई चैनल बनाकर हजारों लोगों को जोड़कर ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर रुपए डबल, ट्रिपल करने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करते थे। आरोपियों के फोनपे व पेटीएम अकाउंट में एक दर्जन से भी अधिक बैंक खातों से करीब 16 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करना स्वीकार किया है। लोगों से ठगी राशि व बैंक खातों के संबंध में अनुसंधान जारी है।

शिविर से लौटा साधकों का दल

सांभरझील, (निसं)। समर्पण ध्यान योग शिविर अरडका में भाग लेकर साधकों का दाल सांभर लौटा। आध्यात्मिक गुरु श्री शिव कृपानंद स्वामी के धाम में साधकों ने एक घंटा मंगल मूर्ति के समक्ष बैठकर ध्यान करके परमात्मा से सभी के लिए सर्वांगीण व स्वस्थ दीर्घायु जीवन की उन्नित की कामना की। प्रोफेसर डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा के सानिध्य में सांभर स्थित अंबेडकर भवन में लंबे समय से ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ध्यान लोग शिविर में सड़क सुनील सांभरिया, विनोद दुलारिया, रवि सांभरिया, नीतू दायमा, अमित माथुर ने ध्यान पद्धित के होने वाले फायदे की जानकारी ली तथा आत्मिक शांति के लिए सभी को 800 वर्ष से अधिक पुरानी ध्यान पद्धित से जुड़ने का भी आव्हान किया।

सफाई अभियान शुरु

दूदू । पंचायत समिति दूदू के अधीन ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया । इस दौरान ठाम पंचायतों में सार्वजनिक स्थान विद्यालय सरकारी कार्यालय के साथ-साथ गांव के प्रमुख मार्गों पर सफाई की जाकर कचरे के ढेरों का निस्तारण किया गया तथा ग्राम वासियों को कचरा कचरा गाड़ी में ही डालने की बात कह कर गांव को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे

अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के गांव कारोला में बजरी भरा हुआ एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को रुकवाया और चालक से बजरी का रवन्ना मांगा। चालक द्वारा रवन्ना उपलब्ध नहीं करवाने पर बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर एवं ट्राली को जब्त कर लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक खेमराज पुत्र रामजीवन जाट निवासी चिरौंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

टोंक में छात्रा हत्याकाण्ड में एक युवक गिरफ्तार

टोंक। थाना लाम्बाहरिसिंह के हरिसागर कुण्ड में गत 12 फरवरी को मिले छात्रा के शव को लेकर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही कर करते घटना में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया।

- **परिवादी ने अपनी बेटी की लाश कुण्ड में मिलने से उसकी बेटी की हत्या में सहयोग करने वाले युवक को गिरफ्तार करने का मामला दर्ज कराया था।**


छात्रा की हत्या के आरोप में थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही कर करते युवक को गिरफ्तार किया।

परिवादी ने अपनी बेटी की लाश कुण्ड में मिलने से उसकी बेटी की हत्या में सहयोग करने वाले युवक को गिरफ्तार करने का मामला दर्ज कराया था।

प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वृताधिकारी मालपुरा मोटाराम बेनिवाल व थानाधिकारी आशीष प्रजापत द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया।

कार्यवाही के दौरान घटनास्थल पर एफएसएल टीम व एमओयू टीम मालपुरा द्वारा फोटोग्राफी व विडियोंग्राफी करवाकर साक्ष्य जुठाया, प्रकरण मे तकनीकी सूचना, विश्लेषण, मानवीय सहयोग व सीसीटीवी फुटेज की सहायता से अनुसंधान कर टीम ने आरोपी गणेश चौधरी पुत्र रामदयाल चौधरी उम्र 23 साल निवासी डेठाणी थाना पचेवर को गिरफ्तार कर प्रकरण में गहनता से पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया।

उक्त प्रकरण में कई दिनो से परिजनो व समाज द्वारा न्याय हेतु प्रदर्शन किया जा रहा था तथा आरोपी को नामजद गिरफ्तार करने की मांग की जा रही थी।

धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

सांभरझील, (निसं)। सांभरलेक के व्यापारी से धोखाधडी कर अनाज की खरीदारी करने व रूपये नहीं लौटाने के मामले में सांभर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी से जुड़े मामले

- **सांभर से 2 ट्रक बाजरा की ठगी करने का मामला**

में करीब 05 साल से फरार नामजद अभियुक्त कानाराम को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए श्री शिवलाल बैरवा अन्य पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में राजेन्द्र कुमार थानाधिकारी सांभर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी सहायता ली जाकर एवं आसूचना संकलन कर करीबन 05 साल से फरार अभियुक्त मोहन लाल उर्फ कैलाश भाई को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी ने परिवादी से बाजरे की खरीद फरोख के संबंध मे भाव तय कर अपनी फ़र्म में बाजरे के दो ट्रक मंगवा लिये तथा बाजरे का मूल्य परिवादी को नही दिया और अपनी फर्म को बन्द कर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी डीडवाना थाना आमेट जिला राजसमन्द का है।

सार-समाचार

हादसे में दो युवक घायल

श्रीमाधोपुर । कस्बे के निकटवर्ती ठाम जोरावर नगर पास श्याम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। रामावतार यादव कंचनपुर ने बताया कि मैं किसी काम से भादवाड़ी गया हुआ था ।रास्ते में आ रहा था तभी दो युवक जोरवर नगर घुमाव के पास रोड पर गिरे हुए मिले जिस पर मैं किसी की गाड़ी लेकर श्रीमाधोपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचा जहां से गंभीर हालत में डॉक्टर ने जयपुर रेफर कर दिया । 108 एम्बुलेंस ड्राइवर जितेंद्र सिंह ईएमटी दिनेश कुमार आर्य ने बताया कि सोचा मिलते ही तुरंत जाजोद से श्रीमाधोपुर अस्पताल पहुंचे ,जहां प्रिंस कुमार मीणा व अंकुश मीणा पुत्र शंकर लाल कंचनपुर निवासी अपनी बाइक से घर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से होने से गिर जिसके मुंह ,सिर ,हाथ -पैर पर चोट आने से गंभीर घायल हो गए थे।

दूदू जिले को बहाल करने की मांग

दूदू । ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय सभागार में रविवार को पूर्व विधायक बाबूलाल नागर के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाकर दूदू जिले को बहाल करने की मांग को लेकर आज अभी 22 फरवरी को दूदू उपखंड मुख्यालय पर विशाल जनसभा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार द्वारा जिला निरस्त किया जाकर दूदू की जनता के साथ कुठाराघात किया है। कांग्रेस सरकार द्वारा 16 माह तक सभी जिला स्तर की अधिकारियों को कार्यालय में बैठाया जाकर काम शुरू कर दिया गया था लेकिन भाजपा सरकार ने जिला निरस्त कर दिया भाजपा सरकार पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत करायें गये कार्यों को बंद कर दिए जाने का भी आरोप लगाया है । क्षेत्र में मनरेगा योजना बंद कर देने पेंशन रोक देने किसने की हालत खराब कर देने का आरोप भाजपा सरकार पर लगाया है आगामी 22 फरवरी को इस मांग को लेकर विशाल जनसभा का आयोजन एक निजी गार्डन में किया जाएगा समारोह में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे नागर ने कहा कि दूदू एवं फागी क्षेत्र की जनता एक साथ होकर अगर कदम उठाएगी तो सरकार को जिला बहाल करने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा।

पुलिया से गिरने से युवक की हुई मौत

निवाई। हाईवे पुलिया पर सेल्फी लेने के दौरान एक युवक पुलिया से निचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर एम्बूलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी सूरजमल जाट ने बताया कि जसराम केवट (29)पुत्र प्रहलाद निवासी रायपुर थाना चौथ का बरवाडा हाईवे पुलिया पर सेल्फी ले रहा था जिसके दौरान उसका संतुलन बिगड गया और वह पुलिया से निचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

चोरी का खुलासा, 3 लाख रूपये बरामद

कोटपूतली। स्थानीय थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुये विगत 05 फरवरी को कस्बे के आजाद चौक में हुई 03 लाख रूपये की चोरी का खुलासा कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार व दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध किया है। साथ ही चोरी किये गये 03 लाख रूपये बरामद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को जप्त किया है।

एसपी राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुये बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा संपत्ति संबधी अपराधों पर अंकुश लगाने व त्वरित कार्यवाही करने के आदेशों की पालना में एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विगत 05 फरवरी को आजाद चौक में हुई 03 लाख रूपये की चोरी का खुलासा करने हेतु टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा कड़ी मेहनत, लगन से कार्य करते हुये गहनता से सीसीटीवी फुटेज चौक किये जाकर संदिग्धों को चि ित कर आसुचना संकलन कर अज्ञात मुल्जिमानों को चि ित कर लगातार संदिग्धों का पीछा करते हुये मुल्जिम राजा भाटी (25) पुत्र नानकराम जाति भाटी बावरिया निवासी बावरी बस्ती बापु नगर बालिता रोड़ कोटा थाना कुन्हाडी जिला कोटा को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य दो साथी विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध कर 03 लाख रूपये बरामद किये गये तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार मुल्जिम राजा भाटी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ अलवर, खैरथल, राजगढ़, दौसा में भी अन्य जेब तराशी की वारदातें करना बताया गया है। उन्होंने बताया कि परिवादी रमेश कुमार पुत्र टेकाराम यादव निवासी कंवरपुरा, कोटपूतली ने मामला दर्ज कराया था कि मैं मेरी मोटरसाईकलि से बैक में 03 लाख रूपये जमा करवाने के लिये आया था। आजाद चौक में दुकान पर फोटो कॉपी करवाने गया था। पीछे से मेरी मोटरसाईकिल के बैग से अज्ञात चोरों ने रूपये चोरी कर लिये। जिस पर प्रकरण संख्या 80/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

फुलेरा । कस्बे के हलवाई बाजार में संचालित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भामाशाह रतनी देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् सत्यनारायण सैनी, प्रमोद कुमार जांगिड़, सुरेश सारस्वत रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात विद्यालय के स्टाफ द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में विद्यालय में सन 1994 बैच की पूर्व छात्राओं ने इक्कीस हजार रुपये भेंट किये। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभावान विद्यार्थी छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों और भामाशाहों का विद्यालय स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया।

अब छोटे व्यापारी भी मालगाड़ी से भेज सकेंगे अपना सामान

- **रेलवे ने अपनी नीति में किए बदलाव**
- **रेलवे बोर्ड ने यह आदेश 1 वर्ष के लिए जारी किए है**

फुलेरा । रेलवे बोर्ड ने मालगाड़ी से सामान भेजने की अपनी नीतियों में बड़े व्यापारियों के साथ-साथ छोटे एवं मंझले व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बदलाव किये है। हालांकि इसके पूर्व कम मात्रा एवं वजन का सामान अभी तक व्यापारी रेलवे के पार्सल वैन के द्वारा ही भेज सकते थे। वहीं मालगाड़ी डिब्बों से सामान भेजने के लिए पूरी गाड़ी को किराए पर लेना होता था।

उपरोक्त जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने माल लदान की अपनी नीति में बदलाव किये है। इसके चलते अब सीमेन्ट, कोयला, खाद्यान्नों इत्यादि बड़े मदों के साथ-साथ अन्य सामान जैसे दवाइयां, दुग्ध उत्पाद, मसाले, कपड़े, बिजली के उपकरण इत्यादि छोटे मद भी बीसीएन (बोगी कवर्ड वैगन) मालगाड़ी में लदान कर परिवहन किये जा सकेंगे। इससे छोटे व्यापारियों को लाभ तो होगा ही साथ ही रेलवे को राजस्व प्राप्ति के लिए नया स्त्रोत मिलेगा। वहीं आगे बताया आगे बताया कि इसके लिए परिवहन किये जाने वाले सामानों की सूची निर्धारित की गई है। इन मदों का माल भाड़ा मालगाड़ी मे भी पार्सल वैन की तरह पार्सल दरों पर ही निर्धारित किया गया है।

व्यापारी को एक वैगन में कम से कम न्यूनतम वजन 14 टन या वास्तविक वजन का शुल्क लिया जायेगा। इस तरह बुक किये गये सामानों में मालगाड़ी के डिब्बों की संख्या भी 42 के स्थान पर न्यूनतम संख्या भी 30 निर्धारित की गई है। साथ ही साधारण मालगाड़ी में भी जगह होने पर इस तरह के सामान लदे हुए वैगन जोडे जा सकेंगे। गौरतलब है कि रेलवे बोर्ड ने यह आदेश 1 वर्ष के लिए ही जारी किये हैं तथा इसकी समीक्षा कर इसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

मेले हमारी संस्कृति में शामिल है

निवाई। जैन सखी संगठन निवाई के तत्वावधान में श्री महावीर जनोपयोगी भवन में तीन दिवसीय महिला सशक्तिकरण उद्योग मेले का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय उद्योग मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, अध्यक्षता कर रहे चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा, रवि अठावाल, एडवोकेट सरोज अठावाल व कविता भाणजा ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में भाईचारा बढता है। जैन सखी संगठन की अध्यक्ष ममता जैन सांवलिया एवं मीडिया प्रभारी संजू जौंला ने बताया कि उद्योग मेले के स्पान्सर प्रेमचंद गुणमाला देवी जैन सांवलिया रहें। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय महिला सशक्तिकरण उधोग मेला 16 से 18 फरवरी तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले सभी ठाहकों के लिए प्रतिदिन 3 लक्की ड्रा भी निकाला जाएगा।

सेठ प्रभु दयाल मुरारी लाल अग्रवाल मेमोरियल अस्पताल का उद्घाटन

- **राजस्थानी परंपरा अनुसार राजस्थानी चुनरी एव पुष्प गुच्छ भेंट कर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का सम्मान किया**

मनोहरपुर । शाहपुरा के बाड़ीजोड़ी गांव में भामाशाह स्वर्गीय सेठ मुरारी लाल अठावाल के परिवार के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से नवनिर्मित पीएचसी का उद्घाटन करने जा रही उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जयपुर दिल्ली राजमार्ग मनोहरपुर में राजस्थानी परंपरा अनुसार राजस्थानी चुनरी एव पुष्प गुच्छ भेंट कर बी. एस. एन. एल. सलाहकार संतोष माधानी के नेतृत्व में मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामप्रकाश नाई, संयोजक जमील खान चौहान,पूर्व महामंत्री प्रहलाद गुर्जर,भाजपा नेता सिद्धार्थ गुर्जर,संदेश गोयल ने डिप्टी सीएम दियाकुमारी को चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान साथ ही यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा,जयपुर ठामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह,विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़,पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, पूर्व प्रदेश मंत्री देवायुष सिंह मौजूद थे वही युवा नेता मनीष कुमार आत्रेय के नेतृत्व में भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। इस दौरान मंडल संयोजक जमील खान चौहान ने बताया कि सेठ स्वर्गीय प्रभु दयाल मुरारी लाल अठावाल के परिजनों द्वारा तैयार किया गया विराटनगर विधानसभा के बाड़ीजोड़ी में सेठ स्वर्गीय प्रभु दयाल मुरारी लाल अठावाल मेमोरियल अस्पताल का लोकार्पण करने जा रही थी। डिप्टी सीएम दियाकुमारी का जयपुर व कूकस, अचरोल, चंदवाजी, मनोहरपुर, शाहपुरा में भव्य सम्मान स्वागत किया गया। शाहपुरा पहुंचने पर नगर पालिका के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता व माल्यार्पण कर स्वागत किया।इसके बाद ही डिप्टी सीएम त्रिवेणी धाम पहुंची जहां उन्होंने महाराज का आशीर्वाद लिया। चौहान ने बताया कि डिप्टी सीएम दियाकुमारी शाहपुरा बाड़ीजोड़ी में सेठ मुरारी लाल अठावाल की याद में करोड़ों रुपए की लागत से बना सेठ स्वर्गीय प्रभु दयाल मुरारी लाल अठावाल मेमोरियल अस्पताल को सरकार के नाम सुपुर्द किया गया है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी,मंडल पूर्व अध्यक्ष रामप्रकाश नाई, बि एस एन एल सलाहकार संतोष माधानी, संयोजक जमील खान चौहान,भाजपा नेता सिद्धार्थ गुर्जर, प्रहलाद गुर्जर,प्रदीप गुप्ता, संदेश गोयल , शिवराम धाबाई, जयराम गुर्जर सहित कई लोग मौजूद रहे।

व्यापारियों का अल्टीमेटम मंगलवार तक चोरियों का करें खुलासा

- **बुधवार से करेंगे अनिश्चितकालीन निवाई बंद**
- **विधायक व जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन**

निवाई। निवाई शहर के सभी व्यापार मंडलों ने शहर में बढती हुई चोरियों पर लगाम लगाने एवं अब तक हुई चोरियों का खुलासा करने की मांग को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा व जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। रविवार की दोपहर समस्त व्यापार मंडलों के पदाधिकारी अहिंसा सर्किल पर एकत्रित हुए और पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में बताया कि चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम हो रही है। जिससे व्यापारियों एवं शहर वासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। चोरियों की जानकारी देते हुए ज्ञापन में बताया कि 24 अक्टूबर 2024 को श्री राधा गोपीनाथ मंदिर में भगवान के करीब 19 लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण चोरी हुए थे, 2 फरवरी को गोपी टावर में दो मोबाइल की दुकानों से करीब 35 लाख की चोरी, नवंबर माह में शिवाजी कॉलोनी स्थित गिर्राज कंवरिया के घर से करीब 15 लाख के आभूषणों की चोरी, करीब 5 माह पूर्व शिवाजी पार्क रोड स्थित गप्पूलाल महावीरप्रसाद की दुकान से करीब 8 लाख के सामानों की चोरी, वनस्थली मोड पर अरविंद एजेंसी के गोदाम से लाखों के सामान की चोरी, जयपुर रोड पर स्थित सैनी इलेक्ट्रिकल्स की दुकान से भी लाखों रूपए की नकदी की चोरी सहित कई छोटी बड़ी चोरियां हुई हैं लेकिन पुलिस द्वारा एक भी वारदात का खुलासा नहीं किया गया है। जिससे शहर वासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त हो रहा है। व्यापारियों ने ज्ञापन में मंगलवार तक चोरियों का खुलासा करने की मांग की है।

राजकुमार देवायुष सिंह का हजारों कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

शाहपुरा । केंद्रीय वित्त मंत्रालय सलाहकार समिति सदस्य एवम जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के सुपुत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह का जन्मदिन हजारों कार्यकर्ताओ एवं समर्थको की उपस्थिति में भाजपा प्रधान कार्यालय हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में भव्य रूप से मनाया गया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान राजकुमार देवायुष सिंह ने सैकड़ो समर्थकों के साथ जमवाय माता जमवारामगढ़, कालका माता अमरसर, त्रिवेणी धाम शाहपुरा तथा शाहपुरा शहर के मंदिरों में देवी देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाहपुरा विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार टांक ने बताया कि इस दौरान जयपुर ठामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, महारानी भुवनेश्वरी देवी, भाजपा नेता दिलीप सिंह बन्ना की गरिमामय उपस्थिति में जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान मंजू सैनी, बीएसएनल सलाहकार संतोष माधाणी, वरिष्ठ कार्यकर्ता नाथूलाल शर्मा, शाहपुरा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद मालीराम सैनी, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं खेजरोली मंडल अध्यक्ष मामराज पुरी गोस्वामी, अमरसर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा, मंडल प्रतिनिधि महेश पारीक, सहसंयोजक श्याम सुंदर राज जोशी, उपाध्यक्ष राजेश पलसानियां, बिरदीचन्द गुर्जर, उपाध्यक्ष राकेश , पार्षद रोशन , पार्षद कानाराम , ओम डाना, राजेश मंडोवरा एवं समस्त मोर्चो के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं हजारों भाजपा कार्यकर्ताओ एवं समर्थको द्वारा राजकुमार देवायुष सिंह का शहर में कई जगह पर एवं भाजपा प्रधान कार्यालय हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में पहुंचकर माला एवं साफा पहनाते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सभी परिक्षेत्र के कार्यकताओं एवं समर्थको द्वारा गौ शालाओं में गायों को गुड एवं हरा चारा तथा बंदरों को केले, मछलियों को आटा खिलाते हुए राजकुमार देवायुष के अच्छे स्वास्थ्य, उन्नित तथा खुशहाली की कामना करी।

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के सुपुत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

Shree Bhagwan Mahaveer Viklang Sahayata Samiti
(Registered Under the Societies Registration Act No. 216/ 1974-75)
Plot no. 13-A, Guru Nanak Path, Main Malviya Nagar, Jaipur - 302017 (India)
BMVSS/ /25-26 **-: निविदा सूचना :-** Date: 13.02.2025
: दिव्यांगजनों के उपयोग हेतु :
चमड़े की बेल्ट A.K. B.K. बेल्ट साईम्स, बेल्ट कटोरी, लेदर नीकेप, केलिपर/ पॉव बनाने हेतु नीजोईन्ट, स्पोर्ट्स शूज, हेन्डराईट सोल्यूशन, HDPE पाईप, रबर सीट, रबर रीट्रेडिंग सीमेन्ट, फेविकोल FW707, स्टोकिनेट, लकड़ी के गुटके (छलील लकड़ी), तिपहिया साईकिल (ISI), व्हीलचेयर (ISI/ NON ISI/ EUROPEON), व्हीलचेयर पैसापिलिजीया, व्हीलचेयर सी.पी., बैसाखी, Elbow Crutches, Tetrapod Stick, स्टीक (छड़ी), सिलाई मशीन (हाथ व पैर) वजन तौलने की मशीन, प्लास्टर ऑफ पेरिस, POP बैण्डेज, प्रेप बैण्डेज, कोटन बैण्डेज, ईयाफ्लेक्स सीट, ईवा सीट, पी.पी. सीट, ऑर्थोफ्लेक्स सीट, मोबीलिटी टाईप नीजोइन्ट, स्टम्प शोक्स, रबर कोर्ड, रबर कुशन, प्लास्टिक रोल, ड्रिल बिट, एल्युमिनियम रिवेट, नट, बोल्ट, वॉसर, वेल्ड़ो रोल, फोल्डिंग वॉकर, कॉपर रिवेट, मशीनरी (ग्राइन्डर मशीन, स्क्रू ड्राईवर मशीन, बेन्च ड्राईवर मशीन, हैंड ड्रिल मशीन, वैक्यूम मशीन, हॉट एयर गन मशीन, जिग्सा मशीन, इलैक्ट्रिक चौपसा कटर मशीन, इलैक्ट्रिक हैंड चौपसा कटर मशीन, बैन्च ग्राइन्डर मशीन, बैन्च वाईस, पाइप वाइस, इलैक्ट्रिक ऑवन सिम्पलिटी टाईप) सरफार्म फाईल, कान की मशीन, (S.Cord, V.Cord, B.T.E.) एकोटिक्स SR558 नेचुरल रबर, जिंक ऑक्साईड, हैंड फिट आदि।
निविदा प्रपत्र 500 रुपये जमा कराकर दिनांक 20.02.2025 से 17.03.2025 को प्रातः 11 बजे तक प्राप्त कर जमा कराये जा सकते है।
निविदा प्रपत्र www.jaipurfoot.org से भी प्राप्त की जा सकती है। **सचिव**

संख्यांक 2
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अपर सिविल जज क्रम 1
जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर
दामोदार प्रसाद गोयल बनाम सिराज व अन्य
वाद बाबत दावा घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद-सं. 24 सन् 2024
1. सिराज पुत्र स्वर्गीय श्री मोहम्मद इस्माईल निवासी प्लॉट नम्बर-19, जे.पी. कॉलोनी, लंकापुरी अकबर साईकिल वाले के सामने, शिवमंदिर के पास, जयपुर।
2. इमामुद्दीन पुत्र स्वर्गीय श्री मोहम्मद इस्माईल निवासी प्लॉट नम्बर-19, जे.पी. कॉलोनी, लंकापुरी अकबर साईकिल वाले के सामने, शिवमंदिर के पास, जयपुर।
3. इसरार पुत्र अनवर निवासी प्लॉट नम्बर-19, जे.पी. कॉलोनी, लंकापुरी अकबर साईकिल वाले के सामने, शिवमंदिर के पास, जयपुर।
4. शहादत पुत्र अनवर निवासी प्लॉट नम्बर-19, जे.पी. कॉलोनी, लंकापुरी अकबर साईकिल वाले के सामने, शिवमंदिर के पास, जयपुर।
ने आपके विरूद्ध ... के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 7 माह 3 सन् 25 को दिन में 10.30 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 11 माह 02 सन् 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-01, जयपुर महानगर द्वितीय

आम सूचना दि. 16.02.2025
सभी को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती शबीना बानो पत्नी श्री मोहम्मद आजाद निवासी-232, सुभाष कॉलोनी, गुलर का बंधा, सांगानेर, जयपुर राजस्थान ने अपने पुत्र सलमान खान को उसके गलत चाल चलन व व्यवहार के रहते हमेशा के लिये अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। मेरी अभिभाष्या का पुत्र सलमान खान से अब कोई संबंध व नाता नही है तथा भविष्य में मेरी अभिभाष्या की किसी भी चल व अचल सम्पत्तियों से किसी प्रकार का सलमान खान का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। जो भी व्यक्ति उससे किसी किसी भी प्रकार को लेन-देन, संव्यवहार करेगा वह व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
भवदीय जावेद अली (एडवोकेट) मो. 9001725554

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम